हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार, 3 दिसंबर 2025



11 पुरुष वर्ग में कुशल और महिला वर्ग में रवीना बनी...



12 30 वर्षों में एक भी पार्किंग का निर्माण नहीं करवा पाई...




अफवाह के बीच नारनौल के अलावा महेंद्रगढ़ व अटेली दमकल केंद्रों को भी किया गया अलर्ट

# हेलीकॉप्टर क्रैश होने की सूचना से हड़कंप, अफवाह निकली फर्जी, कॉल करने के बाद नंबर भी बंद



नारनौल। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर के महेंद्रगढ़ रोड स्थित एक कोचिंग संस्थान के पास मंगलवार सुबह करीब 11 बजे हेलीकॉप्टर क्रेश होने की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही प्रशासन की ओर से पुलिस डायल 112 और दमकल विभाग की टीमें मौके के लिए रवाना हुई, लेकिन छानबीन के बाद मामला फर्जी कॉल का निकला।

इस अफवाह से प्रशासन में तो हड़कंप मचा ही, आस-पास दुकानदार व राहगीरों की भी टेंशन बढ़ी। प्रशासन को चाहिए कि इस तरह की फर्जी कॉल करके अफवाह फैलाने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो।

दरअसल हुआ यूं कि आपातकालीन सेवाओं की कॉल अब चंडीगढ़ जाती है तथा चंडीगढ़ वाले संबंधित एरिया अनुसार मैसेज आगे फॉरवर्ड करते हैं। मंगलवार प्रातः भी ऐसा ही हुआ। चंडीगढ़ हेड ऑफिस से करीब 11 बजे डायल 112 के चंडीगढ़ हेड ऑफिस को किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर बताया कि नारनौल में एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया है। महेंद्रगढ़ रोड पर आकाश इंस्टीट्यूट के पास यह क्रैश हुआ है। यह कॉल फिर नारनौल प्राप्त हुई। नारनौल में सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अमले में अफरा-तफरी मच गई। सूचना के बाद डायल 112 की दो गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंची तथा दमकल विभाग की भी दो गाड़ियां रवाना हुई। अटेली और महेंद्रगढ़ दमकल केंद्रों को भी अलर्ट पर रखा गया। मौके पर पहुंची टीमों ने आसपास के इलाके में करीब एक घंटे तक सर्च अभियान चलाया और स्थानीय लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी भी तरह का मलबा या हादसे का निशान नहीं मिले। एरिया के लोगों ने ऐसी कोई घटना होने से साफ इंकार किया। करीब एक घंटे तक पुलिस एवं अन्य कर्मचारी इसकी तसल्ली करते रहे, लेकिन जब कोई हेलीकॉप्टर क्रैश नहीं होने की पुष्टि हो गई, तब सभी गाड़ियां वापस लौट गई। ऐसे में अब माना जा रहा है कि यह फर्जी कॉल थी। अब पुलिस फर्जी कॉल करने वाले को धर–दबाचने के प्रयास में जुट गई है।

### यह बरतनी चाहिए सावधानियां

- किसी भी आपदा या दुर्घटना संबंधी सूचना पर पहले सत्यापन करें।
- सूचना देने वाले व्यक्ति के नंबर और लोकेशन की तुरंत जांच कराई जाए।
- अनावश्यक दहशत फैलाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।
- सभी आपात टीमें वास्तविक घटनाओं पर तेजी से कार्रवाई करें लेकिन फर्जी सूचना से बचने के लिए प्रोटोकॉल का पालन करें।

### क्या कहते है डीएसपी

इस संबंध में डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि हेलीकॉप्टर क्रैश की सूचना झूठी निकली है। झूठी सूचना देने वाले के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी। पुलिस कंट्रोल रूम में किसी ने फोन किया था, उस पर सर्च अभियान चलाया तो कहीं भी क्रैश हैलीकॉप्टर नहीं मिला है। यह झूठी सूचना थी। फोन करने वाले को कॉल करने पर उसका फोन स्वीच ऑफ आ रहा है, लेकिन उसका पता लगा लिया जाएगा। लोगों को ऐसी सूचना देने से परहेज करना चाहिए। अन्यथा कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप



नारनौल। बसों को रवाना करते उप जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा।

### विद्यार्थियों का दल कुरुक्षेत्र रवाना

**नारनौल।** शिक्षा विभाग की ओर से सरकारी विद्यालयों से 150 छात्र-छात्राओं का दल कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में चार दिसंबर तक भाग लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक कला प्रदर्शनी व धार्मिक समारोह के महत्व के बारे में जानकारी लेंगे। उप जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा ने मंगलवार को जिला से कुरुक्षेत्र के लिए तीन बसों को रवाना किया। उप जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा ने कहा कि यह एक अच्छा अवसर है, जहां विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, कला और धार्मिक विरासत के बारे में जानने का मिलेगा। इस मौके पर प्राचार्य ब्रह्मप्रकाश, अगेंद्र कुमार, मुकेश, राजेश, रेखा, ममता आदि मौजूद थे।

### विधवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए दे रहे ऋण

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार विधवा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए तीन लाख रुपये तक की ऋण योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत महिलाओं को व्यक्तिगत कारोबार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिन महिलाओं की वार्षिक आय तीन लाख रुपये या इससे कम है तथा जिनकी आयु 18 से 60 वर्ष है, वह इस स्कीम का लाभ ले सकती हैं। इसकी अधिकतम सीमा 50 हजार रुपये व अवधि तीन वर्ष जो भी पहले होगी। इसमें विभिन्न क्रियाकलापों बुटीक, सिलाई, कढ़ाई, ई रिक्शा, मसाला अचार इकाइयां, खाद्य प्रसंस्करण, कैरी बैग का निर्माण, बेकरी, रेडीमेड गारमेंट्स आदि कार्यों के लिए ऋण दिया जाता है।

कार्रवाई से व्यापारियों में मचा हड़कंप, दुकानदारों ने खुद समेटा सामान

# एक्शन मोड में एसडीएम : 32 दुकानों का 14 लाख 66 हजार रुपये का किया चालान

शॉपिंग कांप्लेक्स के दुकानदारों ने 25 वर्ष से किया हुआ बरामदे पर कब्जा, कई दुकानदारों ने फर्नीचर सेट से किया हुआ कब्जा



महेंद्रगढ़। दुकानदारों के चालान करती एसडीएम कनिका गोयल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

अतिक्रमण के खिलाफ एसडीएम कनिका गोयल मंगलवार को एक्शन मोड में नजर आई। एसडीएम की अगुवाई में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया गया। शहर के मुख्य बाजार और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में प्रशासन एक्शन मोड में नजर आया। कार्रवाई के दौरान 32 दुकानदारों पर कुल 14 लाख 66 हजार रुपये के चालान किए गए। अचानक हुई कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मच गया और कई लोग अपनी दुकानों के बाहर रखा सामान तुरंत समेटते दिखाई दिए। अभियान में एसडीएम कनिका गोयल के साथ नगर पालिका की टीम, कर्मचारी और महेंद्रगढ़ शहर थाना प्रभारी पवन कुमार व पुलिस बल के साथ मौजूद रहा।

बता दें कि नगर पालिका ने शहर के बीच में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाया हुआ है। कॉम्प्लेक्स में चार अलग-अलग फेज में लगभग 261 दुकानें हैं। इनमें 29 शोरूम भी शामिल है। कॉम्प्लेक्स के बाहर दस फुट का बरामदा बनाया गया हुआ है। यह बरामदा ग्राहक एवं लोगों के आवागमन के लिए बनाया गया था। परंतु दुकानदारों ने बरामदों के अंदर पिछले 25 वर्षों से कब्जा किया हुआ है। कई दुकानदारों ने तो फर्नीचर सेट किया हुआ तो कई ने पक्का कर लिया है। दस फुट बरामदे पर अतिक्रमण करने के बाद भी दुकानदार दस फुट रोड पर अतिक्रमण करते हैं। इससे बाजार में चौड़ी सड़कें गली में परिवर्तित हो जाती है। अतिक्रमण को खत्म करने के लिए नगर पालिका द्वारा कई बार कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों को नोटिस जारी किया जा चुका हैं। बावजूद इसके दुकानदारों ने अभी तक बरामदे खाली नहीं किए हैं।

### बरामदे में पटरी लगाने का लेते हैं किराया

*कई दुकानदार अपनी दुकान के बाहर पटरी लगवाने वाले से पांच से सात हजार रुपये किराया वसूलते हैं। इतना ही नहीं दुकान के बाहर खड़ी रेहड़ियों से भी किराया वसूल किया जाता है। कुछ दुकानें तो बंद रहती हैं, लेकिन मालिक बंद दुकान के बाहर बरामदे में पटरी लगवाने वालों से किराया वसूल कर रहे हैं। मंगलवार को इस कार्रवाई के कई दुकानदारों ने अपने आप हीं बरामदे खाली कर लिए तो कई दुकानदारों ने खाली नहीं किए हैं।*

### जाम और कचरा मुक्त बनाना लक्ष्यः एसडीएम

शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए एसडीएम कनिका गोयल ने मंगलवार को शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया। अभियान के दौरान नगर पालिका के कर्मचारी व पुलिस की टीम भी साथ रही। एसडीएम कनिका गोयल ने दुकानदारों द्वारा रास्ते में रखे गए समान जप्त किए और भविष्य में अतिक्रमण न करने की हिदायत भी दी। उन्होंने कहा कि सड़कों पर सामान रखने की वजह से शहर में जाम लगते हैं और राहगीर भी परेशान होते हैं। इसलिए दुकानदार अपना सामान सड़कों पर न रखें। इस दौरान एसडीएम ने 32 दुकानदारों के 14 लाख 66 हजार रुपये के चालान किए। उन्होंने कहा कि दुकानदार अपना स्थाई अतिक्रमण जल्द से जल्द हटा लें। एसडीएम कनिका गोयल ने कहा कि महेंद्रगढ़ शहर को कचरा मुक्त व जाम मुक्त शहर बनाना उनका मुख्य उद्देश्य है। शहर के सब्जी मंडी, बस स्टैंड इत्यादि स्थानों पर प्रतिदिन सफाई की जा रही है और जाम का कारण बनने वाले दुकानदारों व रेहड़ी चालकों को भी सड़क किनारों पर अतिक्रमण ना करने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ने दुकानदारों व आमजन से भी आग्रह किया है कि वे कचरे को अधिकृत स्थान पर ही डालें। इधर-उधर कचरा न फैंकें। क्योंकि इससे गंदगी फैलेगी, जिससे नागरिकों को ही परेशानी का सामना करना पड़ेगा।



महेंद्रगढ़। सामान डालकर बंद किया हुआ रास्ता। फोटो : हरिभूमि

## कर्मचारी कॉलोनी में रास्ता बंद लोगों को हो रही परेशानी

*शिकायत पर नपा प्रधान ने दिए कार्रवाई के निर्देश, एसडीएम से भी लगाई गुहार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर की कर्मचारी कॉलोनी में उस समय स्थानीय लोगों में रोष फैल गया, जब एक व्यक्ति द्वारा अपना मकान निर्माण कार्य करते हुए घर के सामने स्थित सार्वजनिक मार्ग को रोड़ी, बजरी व अन्य निर्माण सामग्री डालकर पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया।

पिछले चार दिनों से बंद इस रास्ते के कारण वाहनों का आवागमन तो दूर, पैदल निकलना भी बेहद मुश्किल हो गया है। राहगीरों ने बताया कि रास्ता बंद होने से स्कूल जाने वाले बच्चों, कर्मचारियों तथा आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार समझाने के बावजूद व्यक्ति ने रास्ता खाली नहीं किया, जिसके बाद कुछ लोगों ने सोमवार को नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी को इस बारे में अवगत कराया। सूचना मिलते ही नपा अध्यक्ष रमेश सैनी ने तुरंत नगर पालिका कर्मचारियों को मौके पर भेजकर रास्ता साफ करवाने के निर्देश दिए। हालांकि मौके पर गए कर्मचारियों के आदेशों का भी कोई असर नहीं हुआ और निर्माण सामग्री जस की तस पड़ी रही। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लोगों ने उपमंडल अधिकारी कनिका गोयल से मामले में हस्तक्षेप कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सार्वजनिक रास्ते को यूं बंद करना किसी भी तरह उचित नहीं है और इससे किसी भी समय अनहोनी हो सकती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द रास्ता खुलवाने व व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### पिकअप खड़े कंटेनर से टकराई, चालक की मौत

**नारनौल।** नांगल चौधरी क्षेत्र में नेशनल हाईवे नंबर 148 बी पर बीती रात को एक पिकअप सड़क पर खड़े कंटेनर से टकरा गई। इस हादसे में पिकअप ड्राइवर की मौत हो गई। मृतक राजस्थान के जयपुर का रहने वाला था। सूचना मिलने पर पुलिस ने नारनौल के नागरिक अस्पताल से शव का पोस्टमॉर्टम कराया। परिजनों के अनुसार राजस्थान के जयपुर जिला के बिदारा निवासी 42 वर्षीय बिहारीलाल यादव कई वर्षों से पिकअप गाड़ी पर ड्राइवर का काम करता था। परिजनों को सूचना मिली कि नांगल नूनियां के पास सड़क पर बिहारीलाल की पिकअप एक कंटेनर से टकरा गई है। सूचना मिलते ही मृतक का बड़ा भाई राजेंद्र कुमार यादव मौके पर पहुंचा। दुर्घटना के बाद घायल बिहारीलाल को सरकारी अस्पताल नांगल चौधरी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राजेंद्र यादव ने आरोप लगाया है कि कंटेनर को उसके चालक ने सड़क के बीचों-बीच बिना रिफ्लेक्टर और इंडिकेटर ऑन के बिना कंटेनर खड़ा कर रखा था। खराब तरीके से खड़े कंटेनर के कारण ही पिकअप पीछे से टकराई और यह हादसा हुआ।

## दैनिक रेल यात्री संघ ने की मदार-रोहतक एक्सप्रेस का संचालन दोबारा शुरू करने की मांग

- नारनौल-रेवाड़ी-रोहतक रूट पर यात्रियों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

दैनिक रेल यात्री संघ ने उत्तर पश्चिम रेलवे प्रशासन से ट्रेन संख्या 09639/40 मदार-रोहतक एक्सप्रेस का संचालन तत्काल प्रभाव से दोबारा शुरू करने की मांग की है। संघ का कहना है कि इस ट्रेन को बंद किए जाने के बाद से नारनौल-रेवाड़ी-रोहतक रूट पर यात्रियों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यात्री संघ के प्रधान गणेश शर्मा ने बताया कि इस बारे में उन्होंने रेल मंत्री के अलावा नॉर्थ वेस्ट रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र भेजा है। जिसमें उन्होंने बताया गया है कि ट्रेन बंद होने के बाद जनशताब्दी सहित इस मार्ग की कई प्रमुख ट्रेनों में अत्यधिक भीड़ और ओवरलोडिंग की स्थिति लगातार बनी हुई है।

अक्सर यात्रियों को दरवाजों पर लटककर यात्रा करने को मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे सुरक्षा जोखिम बढ़ गए हैं। संघ ने इस अव्यवस्थित यात्रा स्थिति के फोटो और वीडियो भी रेलवे प्रशासन को साक्ष्य के रूप में भेजे हैं। संघ ने कहा कि वर्तमान में बाबा श्याम जी से संबंधित कोई विशेष मेला आयोजित नहीं हो रहा है, इसके बावजूद नियमित दिनों में ही यात्री संख्या अत्यधिक बनी हुई है। ऐसे में मदार-रोहतक एक्सप्रेस क्षेत्रीय यात्रियों के लिए अत्यावश्यक सेवा है, जिसका बंद होना किसी भी स्तर पर उचित नहीं कहा जा सकता। यात्री संघ ने रेलवे से सवाल किया कि अलवर-बांदीकुई रूट पर भारी ट्रैफिक दबाव के बावजूद नई गाड़ियां चलाई जा रही हैं।

### पुलिस ने जुआ खेलते पांच आरोपी पकड़े, 4300 रुपये बरामद

**महेंद्रगढ़।** ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत थाना शहर पुलिस टीम ने जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तुलाराम चौक के पास गली में खाली प्लाट से ताश के पत्तों के साथ जुआ खेलते पांच आरोपितों को काबू किया और जुए में लगाई गई राशि बरामद की गई। आरोपितों के खिलाफ थाना शहर में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। थाना शहर पुलिस टीम गश्त के दौरान ब्रह्मदेव चौक पर मौजूद थी, टीम को सूचना मिली कि तुलाराम चौक के पास गली में एक खाली प्लॉट में ताश के पत्तों के साथ दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। अगर तुरंत रैड की जाए तो जुआ खेलते हुए पकड़ा जा सकता है। थाने की टीम ने बताए हुए स्थान पर रैड करके मौके से जुआ खेलते पांच लोगों को ताश के पत्तों और 4,300 रुपये की नकदी सहित पकड़ लिया। आरोपितों की पहचान प्यारे लाल, हरिलाल, सलेन्द्र, प्रेमलाल, अरविंद्र के रूप में हुई।

गढ़ी रुथल में सैन्य सम्मान से किया अंतिम संस्कार

## छुट्टी काटकर ड्यूटी जा रहे नेवी जवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव गढ़ी रुथल के एक नेवी जवान की रेवाड़ी के एक होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिसका मंगलवार देर सायं गमगीन माहौल में सैन्य सम्मान से अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर नेवी सेना के जवानों ने पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें अंतिम विदाई दी।

अटेली क्षेत्र के गांव गढ़ी रुथल निवासी लगभग 25 हितेश पुत्र बीरबल 2019 में इंडियन नेवी में भर्ती हुआ था। पिछले वर्ष फरवरी में उसकी शादी हुई थी। मृतक जवान हितेश के पिताजी खेतीबाड़ी का कार्य करते है। हितेश करीब 25 दिन की छुट्टी पर घर आया हुआ था। सोमवार को वह वापस ड्यूटी कोच्चि जा रहा था। ट्रेन लेट होने के चलते नेवी का जवान रेवाड़ी में एक होटल में ठहरा। होटल में उसे एक कमरा दिया गया, जिसे अगले सुबह यानी मंगलवार 11 बजे तक उसे कमरा खाली करना था, लेकिन जब वह तय समय तक बाहर नहीं आया तथा कमरे से कोई हलचल नहीं हुई, तो होटल प्रबंधक को शक हुआ। उसने तुरंत रेवाड़ी पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तथा जब दरवाजा तोड़ा गया। जहां पर अंदर हितेश का शव पड़ा हुआ था। पुलिस ने पूरे कमरे की जांच की और शव को आगे की कार्रवाई के लिए अस्पताल भिजवाया। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव का जवान हितेश बहुत ही मिलनसार था। वह हमेंशा शराब व धूम्रपान से दूर रहता था।





मंडी अटेली। गढ़ी रुथल में जवान का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार करते हुए व पार्थिव शव पर पुष्पचक्र अर्पित करते नेवी जवान। फोटो : हरिभूमि

## सड़क पर गंदा पानी, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

कनीना-नारनौल मार्ग पर नांगल गांव की गलियों का गंदा पानी मुख्य सड़क मार्ग पर है। जिससे यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वही दोपहिया वाहन तो यहां फिसल कर गिर रहे हैं।

इसके अलावा जब कोई बड़ा साधन गुजरता है, तो दोपहिया वाहन चालकों पर गंदा पानी उछलकर गिरता है, जो बड़ी परेशानी पैदा कर रहा है।

इस बारे में वाहन चालक दिनेश कुमार, कृष्ण कुमार, विनय, राकेश, सुनील कुमार आदि ने बताया कि जिला मुख्यालय नारनौल पर जाने का यह आसान और सीधा मार्ग है, लेकिन लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। गांव की गलियों का गंदा पानी, जो पाइप व नाली बनाकर मुख्य मार्ग के पास छोड़ा हुआ है, वह सारा मुख्य सड़क मार्ग पर जमा हो जाता है। इसके अलावा सड़क मार्ग के दोनों और कड़वी आदि लगाकर अतिक्रमण भी किया हुआ है।

लोगों ने मांग की है कि इस पानी को सड़क मार्ग के साथ आगे तक निकाल दिया जाए, तो समस्या का समाधान हो सकता है। इस तरह सड़क मार्ग पर पानी डालने वाले लोगों के खिलाफ भी विभाग को कार्रवाई करते हुए पानी के निकासी का उचित प्रबंध करना चाहिए।

इस बारे में लोक निर्माण विभाग बीएंडआर के एसडीओ जितेंद्र कुमार ने बताया कि इस मार्ग का बुधवार को मौका देखकर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



कनीना। सड़क पर जमा निकासी का गंदा पानी। फोटो : हरिभूमि



# कोरिया में 8 दिसंबर को रिलीज होगी लव इन वियतनाम...

**मुंबई।** शांतनु माहेश्वरी और अवनीत कौर स्टारर 'लव इन वियतनाम' चार महीने पहले अगस्त में भारत में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। अब भारत के बाद 'लव इन वियतनाम' कोरिया में रिलीज होने वाली है। राहत शाह काजमी द्वारा निर्देशित 'लव इन वियतनाम'8 दिसंबर को कोरिया में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म भारत में 12 सितंबर को रिलीज हुई थी। यह सबाहतिन अली के सबसे ज्यादा बिकने वाले उपन्यास 'मैडोना इन अ फर कोट'से प्रेरित एक दिल दहला देने वाली प्रेम कहानी है। यह हिंदी सिनेमा में भारत-वियतनाम के बीच पहला सहयोग है। लव इन वियतनाम के कोरिया में रिलीज होने पर फिल्म की कास्ट ने खुशी जताई।

## लाइफ Style

# एला
## खूबसूरत लुक से लूटी लाइमलाइट


एजेंसी ▶▶ पेरिस

पेरिस में हर साल 'ले बाल डेस डेब्यूटेंट्स' आयोजित होता है, जिसे ले बाल भी कहा जाता है। यह एक सालाना फैशन इवेंट हैं, जहां दुनियाभर के प्रतिष्ठित व शाही परिवारों की बेटियां डेब्यू करती हैं। इस साल एला वाडिया ने उपस्थिति दर्ज कराई और अपने लुक से इस इवेंट में छा गईं।

फैशन इवेंट 'ले बाल' हर साल नवंबर में पेरिस में आयोजित होता है। यहां दुनियाभर के फिल्म, राजनीति, बिजनेस व अन्य प्रतिष्ठित घरानों की बेटियां इंटरनेशनल सोसाइटी के सामने औपचारिक रूप से रूबरू होती हैं। यह सिर्फ फैशन से जुड़ा इवेंट नहीं है, बल्कि इसका ताल्लुक पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा और प्रतिष्ठा से भी है। इस बार भारतीय एला वाडिया ने भी इवेंट में उपस्थिति दर्ज कराई और छा गईं। पेरिस के इस इवेंट में भारतीय नाम एला वाडिया की चर्चा हो रही है। मगर, उनका कनेक्शन मोहम्मद अली जिन्ना से है। बता दें कि एला वाडिया भारत के प्रतिष्ठित बिजनेस घराने वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता जहांगीर वाडिया का ताल्लुक बॉम्बे डाइंग, बॉम्बे रियलिटी और गो फर्स्ट जैसी कंपनियों से रहा है। वहीं, मां सेलीना वाडिया फैशन डिजाइनर हैं। एला वाडिया अगर भारत के वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं तो मोहम्मद अली जिन्ना से उनका कनेक्शन कैसे हुआ? इसका जवाब यह है कि जिन्ना की बेटी दीना जिन्ना ने नेविल वाडिया से शादी की थी। उनके बेटे नुस्ली वाडिया हुए। नुस्ली वाडिया ग्रुप के चेयरमैन हैं। उनके दो बेटे-नेस वाडिया और जहांगीर वाडिया हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सम्राट

**नई दिल्ली।** जेम्स कैमरून अकेले ऐसे निर्देशक हैं जिनकी दो फिल्मों ने दुनिया के बॉक्स ऑफिस पर नंबर 1 का ताज पहना, टाइटैनिक और अवतार. नोलन की फिल्मों ने भी शानदार सफलता हासिल की है, लेकिन कैमरून की फिल्मों का प्रभाव ऐसा है जिसके सामने हर रिकॉर्ड छोटा पड़ जाता है। वे सिर्फ फिल्में नहीं बनाते, वे बॉक्स ऑफिस की दिशा बदल देते हैं। नोलन कहानी और संरचना के उस्ताद हैं, लेकिन कैमरून ने सिनेमा की तकनीक का भविष्य गढ़ा है।




# शादी के 7 साल पूरे होने का मनाया जश्न

**लॉस एंजिल्स।** देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी को 7 साल बीत चुके हैं। मंगलवार को प्रियंका और निक की वेडिंग एनिवर्सरी थी। इस खास मौके पर निक ने प्रियंका की एक हॉट तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की और एक खास नोट भी लिखा। इसमें प्रियंका समुद्र किनारे लेटी हुई हैं, पीठ कैमरे की तरफ है। निक ने लिखा, 'मेरी ड्रीम गर्ल से शादी को 7 साल हो गए।' कथित तौर पर प्रियंका और निक की लव स्टोरी की शुरुआत ट्विटर से हुई थी। दरअसल, निक ने ट्विटर (एक्स) पर प्रियंका को मैसेज भेजा था। फिर दोनों मैसेज करने लगे। साल 2017 में पहली बार वैनिटी फेयर ऑस्कर पार्टी में मिले। इसके बाद 2017 के मेट गाला में साथ रेड कार्पेट पर नजर आए। 2018 में इनकी डेटिंग की खबरें आईं।



# मिसेज देशपांडे का ट्रेलर रिलीज...


**मुंबई।** एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित अपने नए शो 'मिसेज देशपांडे' के साथ ओटीटी पर आने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नागेश कुकुनूर के निर्देशन में बना शो 'मिसेज देशपांडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि माधुरी दीक्षित का किरदार कुछ लोगों को रस्सी के जरिए मार देता है। पुलिस केस की जांच करती है और कहती है कि इन लोगों को नायलॉन की रस्सी से मारा गया है और शीशे के सामने बॉडी को रखा गया है। लगता है 25 साल पहले वाली कोई सीरियल किलर है। ट्रेलर में पुलिस माधुरी से पूछताछ करती हैं। माधुरी कहती हैं, मैं यहां अंदर हूं। इसका मतलब कोई बाहर है, जो मेरी नकल कर रहा है। इसके बाद माधुरी पुलिस वाले से डील करती हैं। वह कहती हैं आपको मेरी मदद की जरूरत है लेकिन मुझे बदले में कुछ चाहिए।



# धुरंधर के टाइटल ट्रैक पर किया धांसू डांस

**मुंबई।** मुंबई में सोमवार को रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म 'धुरंधर' का म्यूजिक एल्बम लॉन्च हुआ। इस मौके पर रणवीर ने फिल्म के टाइटल ट्रैक पर मंच पर खूब डांस किया और अपनी धमाकेदार एनर्जी से सबको हैरान कर दिया। रणवीर का यह वीडियो फैंस को काफी पसंद आ रहा है। इस कार्यक्रम में रणवीर के साथ अभिनेत्री सारा अर्जुन और रैपर-गायक हनुमानकाइंड भी मौजूद थे। रणवीर पूरे काले कपड़ों में थे और बहुत स्टाइलिश लग रहे थे। जैसे ही टाइटल ट्रैक बजा, वे मंच पर नाचने लगे और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। यह गाना हनुमानकाइंड और जैस्मीन सैंडलस ने गाया है। रणवीर का यह डांस सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। फैंस ने सोशल मीडिया पर रणवीर की तारीफों के पुल बांधे हैं।

## टीवी मसाला




# 7वें सीजन के साथ लौट रहा एकता का सुपर नेचुरल शो नागिन...

**नई दिल्ली।** एक और मजेदार ड्रामा के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि एकता कपूर का मोस्ट अवेटेड शो नागिन सातवें सीजन के वापस आ रहा है। जिसमें प्रियंका चाहर चौधरी को रहस्यमयी नागिन का रोल निभाने के लिए लिया गया है। 29 साल की एक्ट्रेस को बिग बॉस सीजन 16 में सेकंड रनर-अप रहने के बाद पहचान मिली थी। प्रियंका से पहले नागिन का आइकॉनिक रोल मौनी रॉय, सुरभि ज्योति, निया शर्मा, सुरभि चंदना और तेजस्वी प्रकाश ने किया था। इस शो को दर्शकों ने बहुत पसंद किया है और अब एकता कपूर के शो का 7वां सीजन फिर से भरपूर एंटरटेनमेंट करने के लिए तैयार है। हिंदी सोप-ओपेरा का सातवां सीजन 27 दिसंबर से कलर्स टीवी चैनल पर हर शनिवार और रविवार रात 8 बजे एयर होना शुरू होगा। नागिन सीजन 7 उसी तारीख को उसी समयजियोहॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। सीजन 7 इस दिसंबर में अपना जादू चलाने के लिए तैयार है। नागिन सीजन 7 के लेटेस्ट प्रोमो में प्रियंका चाहर चौधरी को एक मासूम औरत से रूप बदलने वाली नागिन में बदलते हुए दिखाया गया है। कहानी महाकुंभ मेले पर सेट है, जो एक आने वाले 'महायुद्ध' (बड़े युद्ध) का इशारा देती है। जहां ईशा सिंह का कैरेक्टर प्रियंका के साथ नाग मंदिर को घूरता हुआ दिखाई देता है, जिसका डुअल-लुक सामने आता है, वहीं करण कुंद्रा का कैरेक्टर चेतावनी देता है कि तबाही शुरू हो गई है।


## मैं शेर नहीं जंगल का मालिक हूं : गौरव

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 अब खत्म होने जा रहा है। शो का फिनाले 7 दिसंबर को होने वाला है, जिसमें पता चल जाएगा कि इस साल बिग बॉस की ट्रॉफी कौन अपनो घर लेकर जाने वाला है। शो के फिनाले वीक में मीडिया कंटेस्टेंट से मिलने के लिए आती है जिसमें पूरे सीजन के तीखे सवाल उनसे पूछे जाते हैं। इस सीजन में मीडिया एपिसोड में कुछ ऐसा हुआ है, जो आजतक बिग बॉस की हिस्ट्री में नहीं हुआ है। गौरव खन्ना कहते हैं, 'अगर मैं जनता के प्यार से विनर बन गया तो मैं आपको बता रहा हूं शायद आप न माने, ये बहुत से लोगों के लिए इंस्पिरेशन रहेगा कि आप बिना गाली-गलौज किए, बिना गलत स्टैंड लिए भी शो जीत सकते हैं। अगर मैं अभिनय कर रहा हूं तो मुझे ऑस्कर दिया जाए। कोई भी एक्टर ऐसे शो में 24 घंटे इस तरह से एक्टिंग नहीं कर सकता है। ये बात मैं नहीं हमारे शो के सुपरस्टार सलमान सर हैं, उन्होंने ही बोला है। हैट्स ऑफ इस लड़के को अगर ये एक्टिंग है। मैं शेर नहीं, उस जंगल का मालिक हूं, जिसमें शेर छुपकर घूमते हैं।' गौरव का ये जवाब सुनकर रिपोर्ट्स उनके लिए ताली बजाने लगते हैं।



# राजासाब से बोमन का हाथ में छड़ी
## तिरछी नजर और इंटेंस लुक आउट

**नई दिल्ली।** हॉरर फैंटेसी फिल्म 'द राजासाब' के मेकर्स ने बोमन ईरानी के जन्मदिन पर उनका एकदम नया लुक पोस्टर दिखाया, जो इंडियन सिनेमा के सबसे वर्सेटाइल परफॉर्मर्स में से एक को ट्रिब्यूट है। मारुति के डायरेक्शन में बनी 'द राजासाब' एक आने वाली तेलुगु फिल्म है जिसमें प्रभास लीड रोल में हैं और यह जनवरी 2026 में संक्रांति के त्योहार के मौसम में थिएटर में रिलीज होगी। द राजासाब में बोमन ईरानी एक साइकेट्रिस्ट, हिप्नोटिस्ट और पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर का रोल निभा रहे हैं। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जो इंटेलेक्चुअल और मिस्टीसिज्म से भरा हुआ है। फिल्म के ट्रेलर में पहले ही दिखाया गया है कि वह प्रभास के हीरो को हिप्नोसिस में डालते हैं, जिससे कहानी का पहला बड़ा ट्विस्ट आता है और कहानी की इमोशनल पल्स शुरू होती है। राजासाब को पीपल मीडिया




फैक्ट्री और आईवीवाई एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल, रिद्धि कुमार और संजय दत्त भी हैं। यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।

# वो पांच अभिनेत्रियां, जिन्होंने अपनी सहेली के पति से रचाया विवाह

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी लव स्टोरीज हुई हैं जो दोस्ती से प्यार में बदल गईं, लेकिन कुछ मामलों में ये विवादों का कारण भी बनीं। यहां हम बात कर रहे हैं उन पांच एक्ट्रेस की, जिन्होंने अपनी करीबी सहेली के पति से शादी की। बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों ने अपनी सहेली के पति से शादी रचाई है, भले ही वो उनकी दूसरी बीवी कहलाईं। इस लिस्ट में पांच अभिनेत्रियों के नाम शामिल हैं, जिनके बारे में सुनकर आपको जरूर हैरानी होगी। ये बॉलीवुड की सबसे कंट्रोवर्शियल लव स्टोरीज में से एक हैं, जिनके बारे में जानकर आपको हैरानी जरूर होगी।

***हंसिका मोटवानी*** : टीवी, साउथ और बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुकीं हंसिका ने 2022 में बिजनेसमैन सोहेल कठूरिया से शादी की। लेकिन शादी से पहले ये खबरें आईं कि सोहेल उनकी दोस्त रिंकी बाजाज के पहले पति थे। रिंकी के साथ उनकी दोस्ती टूट गई और ये मामला काफी चर्चा में रहा। हालांकि, हाल ही में रिपोर्ट्स में उनकी शादी में दरार और उनके अलग रहने की अफवाहें सामने आई थीं।





***शिल्पा शेट्टी*** : फिटनेस फ्रीक शिल्पा शेट्टी ने 2009 में राज कुंद्रा से शादी की। राज पहले कविता कुंद्रा से शादीशुदा थे, जो शिल्पा की अच्छी दोस्त थीं। तलाक के बाद राज और शिल्पा ने शादी की, जिससे बॉलीवुड में खूब गॉसिप हुई। आज दोनों खुशहाल हैं और दो बच्चों के माता-पिता हैं।

***अमृता अरोड़ा*** : *मलाइका अरोड़ा की बहन अमृता ने 2002 में बिजनेसमैन शकील लदाक से शादी की। शकील पहले निशा राणा से शादीशुदा थे, जो अमृता की क्लोज फ्रेंड थीं। तलाक के बाद अमृता ने शकील से शादी की। ये जोड़ी आज भी स्ट्रॉन्ग है। शकील की नेट वर्थ करीब 87 करोड़ रुपये बताई जाती है।*

***सोनिया कपूर*** : *टीवी एक्ट्रेस सोनिया कपूर ने 2018 में हिमेश रेशमिया से शादी की। हिमेश पहले कोमल से शादीशुदा थे, और कोमल सोनिया की अच्छी सहेली थीं। 2017 में हिमेश-कोमल का तलाक हुआ, उसके बाद सोनिया ने हिमेश से शादी की। इस शादी ने भी काफी सुर्खियां बटोरीं।*

***रवीना टंडन*** : *रवीना ने 2004 में फिल्ममेकर अनिल थडानी से शादी की। अनिल पहले नताशा सिप्पी से शादीशुदा थे, जो बॉलीवुड प्रोड्यूसर रोमू सिप्पी की बेटी और रवीना की बेस्ट फ्रेंड थीं। रवीना और अनिल की मुलाकात फिल्म 'स्टंप्ड' के सेट पर हुई, और अनिल के तलाक के बाद दोनों ने शादी कर ली।*

## पहली बार किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने छुई हैं इतनी ऊंचाइयां

# रिलीज से पहले ही इस सस्पेंस थ्रिलर ने कमाए 350 करोड़

*नई दिल्ली। बॉक्स ऑफिस पर कमाई की तय करती है कि कोई फिल्म सक्सेसफुल हुई या नहीं। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर सफल होने के लिए पहले फिल्म को थिएटर्स में रिलीज होना पड़ता है, जिसके बाद ऑडियंस फिल्म देखती है और अगर फिल्म अच्छी निकली तब ज्यादा से ज्यादा दर्शक उसे देखने आते हैं। लेकिन, एक फिल्म ऐसी भी है जिस पर लोग आंख मुंदकर भरोसा कर रहे हैं, वो भी इतना कि अभी इस फिल्म का एक सीन भी शूट नहीं हुआ है और इसने बिना रिलीज हुए ही 350 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।*

### लोका : चैप्टर 1 को छोड़ा पीछे

यह एक मलयालम फिल्म है जिसकी शूटिंग अभी शुरू भी नहीं हुई है और इसने पहले ही 350 करोड़ रुपए की जबरदस्त कमाई कर ली है। यह फिल्म है दृश्यम 3 जो सबसे सफल सिनेमाई फ्रेंचाइजी में से एक का आखिरी चैप्टर है, जिसका सबको इंतजार था और इसकी प्री-रिलीज कमाई ने अब हाल की कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है, जिसमें मशहूर लोकाः चैप्टर 1 भी शामिल है।

### दृष्यम 3 को लेकर बढ़ा क्रेज

मोहनलाल और जीतू जोसेफ दृष्यम 3 को लेकर वापस आ गए हैं और फिल्म को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं, खासकर प्रोड्यूसर एम रंजीत के एक चौंकाने वाले खुलासे के बाद। फिल्म के बारे में बात करते हुए, रंजीत ने कन्फर्म किया कि प्रोजेक्ट ने प्री-रिलीज बिजनेस में पहले ही 350 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रोड्यूसर कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक के पैनोरमा स्टूडियोज ने फिल्म के थिएट्रिकल, ओवरसीज और डिजिटल राइट्स के साथ-साथ हिंदी वर्जन बनाने के राइट्स भी खरीद लिए हैं। इस डील ने मलयालम इंडस्ट्री में एक नया बेंचमार्क सेट किया है, यह पहली बार है जब किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने बिना फुटेज, टीजर या स्टिल्स के इतनी ऊंचाइयां छुई हैं।

### कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई



बारह सालों में दृश्यम एक मामूली बजट वाली सस्पेंस ड्रामा से मलयालम कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई है। पहली फिल्म ने 100 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाए, दूसरी ने महामारी को हराकर 350 करोड़ रुपए का आंकड़ा छुआ और तीसरी ने एक भी फ्रेम कैप्चर होने से पहले ही रिकॉर्ड बना दिए। अब सबसे बड़ा सस्पेंस बॉक्स ऑफिस नंबर्स में नहीं, बल्कि कहानी में है, कौन सी कहानी उन उम्मीदों के लेवल से मेल खा सकती है जो उसने पहले ही जगा दी हैं? सिर्फ जीतू जोसेफ और मोहनलाल के पास स्क्रिप्ट है और देश भर के दर्शक यह देखने का इंतजार कर रहे हैं कि आखिरी चैप्टर कैसे सामने आएगा।

### रिलीज से पहले मचाई हलचल

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दृश्यम 3 ने शूटिंग शुरू होने से पहले ही 350 करोड़ रुपए के क्लब में एंट्री कर ली है। एक प्रोजेक्ट जो अभी भी प्रोडक्शन स्टेज में है, इस कामयाबी ने फिल्म ट्रेड और फैंस दोनों में हलचल मचा दी है। जो बात इस कामयाबी को और भी खास बनाती है, वह है वह सफर जिसने इस फ्रेंचाइजी को यहां तक पहुंचाया। जब दृश्यम पहली बार 2013 में रिलीज हुई थी, तो यह सिर्फ 3 करोड़ रुपए में बनी एक छोटी मलयालम थ्रिलर के तौर पर आई थी। पहली फिल्म से यह दर्शको के बीच एक पसंदीदा थ्रिलर बन गई और इसके दूसरे पार्ट को भी अपार सफलता मिली।

### हिंदी वर्जन में की धांसू कमाई

जीतू जोसेफ के डायरेक्शन में बनी और मोहनलाल और मीना स्टारर यह फिल्म जल्द ही पूरे देश में सेंसेशन बन गई, यहां तक कि जापान में भी इसके बहुत सारे फैंस बन गए। इसकी दिलचस्प कहानी ने जल्द ही तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में रीमेक बनाने की प्रेरणा दी। जीतू जोसेफ ने खुद कमल हासन के साथ तमिल अडैप्टेशन डायरेक्ट किया, जबकि श्रीप्रिया ने तेलुगु वर्शन की जिम्मेदारी संभाली, पी वासु ने कन्नड़ रीमेक को डायरेक्ट किया और स्वर्गीय निशिकांत कामत ने अजय देवगन और श्रेया सरन स्टारिंग हिंदी एडिशन को डायरेक्ट किया। अकेले हिंदी वर्जन ने लगभग 1,800 करोड़ रुपए कमाए, जिससे इस फ्रैंचाइजी की पहचान भारत की सबसे मजबूत स्टोरीटेलिंग एक्सपोर्ट्स में से एक के तौर पर पक्की हो गई।

## खबर संक्षेप



### कला स्पर्धा में आरोही स्कूल का बेहतर प्रदर्शन

नारनौल। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला के निर्देशानुसार जिला परियोजना कोऑर्डिनेटर समग्र शिक्षा कार्यालय की ओर से जिला स्तरीय कला प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय माध्यमिक विद्यालय नसीबपुर में किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों की कक्षा नौवीं से 12वीं की छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कलाओं जैसे डुडलिंग कला, मंडन कला, फ्री हैंड कला, कैलीग्राफी स्टीपलिंग कला, वर्ली आर्ट आदि कलाओं में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आरोही विद्यालय की ललित कला प्राध्यापिका सीमा कुमारी के मार्गदर्शन में छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

प्रतियोगिता में स्कूल की छात्रा विनीता पुत्री जयदेव ढाणी बाठोठा ने डुडलिंग कला में जिला स्तर पर दूसरा, ज्योति पुत्री विक्रम सिंह मंढाणा ने कैलीग्राफी कला में दूसरा, वर्षा पुत्री रविंद्र कुमार ने फ्री हैंड आर्ट में दूसरा स्थान प्राप्त किया। जिला स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली प्रत्येक छात्र को 2100-2100 रुपये नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।

## महंत खेतानाथ राजकीय महाविद्यालय सिहमा में खेलकूद स्पर्धाओं का आयोजन

# पुरुष वर्ग में कुशल और महिला वर्ग में रवीना बनी बेस्ट एथलीट

खेलों के प्रति विद्यार्थियों में उत्साह और ऊर्जा देखने लायक रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

महंत खेतानाथ राजकीय महाविद्यालय सिहमा में मंगलवार प्रथम खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार, मुख्य अतिथि राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़ के प्राचार्य महेंद्र सिंह तथा विशेष अतिथि राजकीय महाविद्यालय सतनाली प्रोफेसर डॉ. सुधीर लंबा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। खेलों के प्रति विद्यार्थियों में उत्साह और ऊर्जा देखने लायक रही।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजकीय महिला महाविद्यालय पाली के प्राचार्य डॉ. करण सिंह रहे। जिन्होंने विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। अंत में खेल प्रभारी सरिता यादव ने प्रतियोगिता की सफलता में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, निर्णायकों, स्टाफ तथा विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लक्ष्मीनारायण ने किया। निर्णायक मंडल में डॉ. यशपाल, डॉ. सुनीता कुमारी, डॉ. विनेश, डॉ. अरुण कुमार और डॉ. अंकित शामिल रहे। रिकॉर्ड कीपिंग की भूमिका विकाश, दीपक यादव और सतीश ने की। खेल कूद मैदान में व्यवस्था बनाए रखने में मुन्नी देवी, परवीन कुमार, शीशपाल, घनश्याम, अनूप, ममता, मनीषा, सोनू, विशाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



नारनौल। विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### यह बने विजेता

महाविद्यालय परिसर में जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, 100 मीटर दौड़, गोला फेंक और लंबी कूद सहित कई प्रतियोगिताएं हुई। सभी खेलों का तकनीकी संचालन डॉ. सत्यजीत द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग से कुशल पुत्र सतेंद्र सिंह (बीए द्वितीय वर्ष), जिन्होंने लंबी कूद में प्रथम, भाला फेंक, गोला फेंक और चक्का फेंक में दूसरा स्थान प्राप्त किया, को बेस्ट एथलीट घोषित किया गया। इसी प्रकार महिला वर्ग में रवीना पुत्री सतीश (बीए तृतीय वर्ष), जिन्होंने चक्का फेंक और भाला फेंक में प्रथम तथा लंबी कूद और गोला फेंक में द्वितीय स्थान हासिल किया, बेस्ट एथलीट के खिताब से सम्मानित की गईं। पुरुष वर्ग में 100 मीटर दौड़ में नितिन (बीए द्वितीय वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कुशल (बीए द्वितीय वर्ष) द्वितीय रहे और मोहित (बीकॉम प्रथम वर्ष) तृतीय रहे। जैवलिन थ्रो में मोहित यादव (बीए प्रथम वर्ष) प्रथम, कुशल द्वितीय तथा कृश तृतीय स्थान पर रहे। शॉटपुट प्रतियोगिता में भी मोहित यादव ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कुशल और कृश क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। लंबी कूद प्रतियोगिता में कुशल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, रवि (बीए द्वितीय वर्ष) दूसरे स्थान पर और नितिन यादव तीसरे स्थान पर रहे। चक्का फेंक में मोहित यादव ने फिर से प्रथम स्थान पर कब्ज़ा किया, जबकि कुशल द्वितीय और कृश तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में भी छात्रओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

100 मीटर दौड़ में प्रिया (बीए प्रथम वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रीति (बीए द्वितीय वर्ष) और भावना (बीए द्वितीय वर्ष) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। जैवलिन थ्रो में रवीना (बीए तृतीय वर्ष) प्रथम स्थान पर रहीं, मेनका (बीए द्वितीय वर्ष) द्वितीय और पायल (बीए प्रथम वर्ष) तृतीय स्थान पर रहीं।

गोला फेंक प्रतियोगिता में प्रिया (बीए द्वितीय वर्ष) ने प्रथम, रवीना ने द्वितीय तथा मेनका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में अलका (बीए तृतीय वर्ष) प्रथम, रवीना द्वितीय तथा सारिका (बीए प्रथम वर्ष) तीसरे स्थान पर रहीं। चक्का फेंक प्रतियोगिता में रवीना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रिया (बीए द्वितीय वर्ष) और कशिश (बीए प्रथम वर्ष) क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला कानूनों पर हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज. महेंद्रगढ़

राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ, विधिक प्रकोष्ठ एवं आईसीसी के संयुक्त तत्वावधान में एक विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय कार्यकारी प्राचार्य प्रो. कविता रानी ने की।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के कानून विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अंजू ने शिरकत की। मंच संचालन महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. मिथिलेश द्वारा सुचारू रूप से किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यकारी प्राचार्य प्रो. कविता रानी ने मुख्यवक्ता डॉ. अंजू का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा उनका औपचारिक परिचय प्रस्तुत किया। इसके उपरांत डॉ. अंजू ने अपने विस्तारपूर्ण व्याख्यान के दौरान महिलाओं से संबंधित नए आपराधिक कानूनों, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न निवारण अधिनियम तथा भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि पितृसत्तात्मक सोच, लिंग असमानता, हिंसात्मक व्यवहार, गरीबी, अवसरों की कमी तथा अधिकारों के प्रति जागरूकता का अभाव जैसी समस्याएं इन अपराधों को बढ़ावा देती हैं। कार्यकारी प्राचार्य प्रो. कविता रानी ने कहा कि प्रत्येक युवती के लिए महिलाओं से संबंधित कानूनों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है ताकि किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में वे स्वयं को सुरक्षित रखने और उचित कदम उठाने में सक्षम हो सकें। महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. मिथिलेश ने कहा कि महिलाओं के लिए कानूनी जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में डॉ. देवेंद्र, डॉ. किरण, डॉ. सुमन, डॉ. पूजा तथा जोगेंद्र उपस्थित रहे।

## बाबा मोलड़नाथ मंदिर कमेटी के प्रधान को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज. नारनौल

समाजसेवा में अग्रणीय योगदान के लिए बाबा मोलड़नाथ मंदिर कमेटी कनीना के प्रधान दिनेश यादव का गांव धनौन्दा में नागरिक अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने गणमान्यों के साथ दिनेश यादव को साफा पहनाकर प्रशस्ति पत्र व पुस्तक भेंट कर राष्ट्र गौरव अवार्ड से सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता मुकेश तंवर ने की। मौके पर गोपाल यादव, सतबीर सिंह, लाला बोहरा व होशियार सिंह को भी सम्मानित किया गया।

अतरलाल ने कहा कि समाजसेवियों का सम्मान करना नागरिकों का कर्तव्य है। इससे दूसरे लोगों को भी समाजसेवा करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सनातन, धार्मिक, सामाजिक मूल्यों को आगे बढ़ाने तथा बाबा मोलड़नाथ धाम के विकास कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिनेश यादव के कार्यों की सराहना की। दिनेश यादव ने सम्मान के लिए ग्रामीणों का धन्यवाद किया। उन्होंने लोगों से धर्म के 10 लक्षणों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। इस मौके पर रविन्द्र सिंह, शेरसिंह, सुभाष यादव, गुरुदत, दानसिंह, बीरसिंह, अरूण, ओमप्रकाश, परमजीत, रणवीर सिंह आदि उपस्थित थे।



नारनौल। समाजसेवी दिनेश यादव को सम्मानित करते मुख्य अतिथि अतरलाल। फोटो : हरिभूमि

## मेघोत बिंजा के जरूरतमंद बच्चों को बैग वितरित

हरिभूमि न्यूज. नारनौल

नरनारायण सेवा समिति द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेघोत बिंजा में जरूरतमंद बच्चों को बैग वितरित किए गए।

इस मौके पर विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व व चारित्रिक सुधार का महत्व समझाया गया। मुख्य वक्ता समित के प्रधान रामसिंह मधुर ने बताया कि नैतिकता मानवता महान पुरुषों द्वारा जो विरासत हमें मिली है, उसकी गरिमा बनाए रखने वाला मानव सुपात्र है। हम अपना व परिवार संपूर्ण राष्ट्र धर्म निभाएं, यही नैतिकता है। उन्होंने अमूल्य समय का उपयोग करने पर बल दिया और जीवन में अच्छा बनने का संकल्प दिलाया। समिति के सचिव भारत भूषण तायल ने रामायण का उदाहरण देकर समझाया और चरित्र व नैतिकता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि हर अच्छे पात्र से हमें सिखना चाहिए। मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने राज्य के बदले बनवास चुना था। लक्ष्मण ने सीता को माता समझा। रावण से युद्ध करते समय अपने बल व सूझबूझ से वानर सेना तैयार करके युद्ध में विजय प्राप्त की। इस मौके पर प्रिंसिपल नरेश कुमार यादव ने समिति का धन्यवाद किया।



नारनौल। मेघोत बिंजा में बच्चों को बैग वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## अंतर-विश्वविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता नौ दिसम्बर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज एआईयू के सहयोग से उत्तर क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय वॉलीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन करने जा रहा है। यह आयोजन विश्वविद्यालय के खेल परिसर में आगामी नौ से 12 दिसंबर तक आयोजित होगा। विवि कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने खेल परिसर का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया और तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया। विवि में शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जेपी भूकर ने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उत्तरी भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों की 100 से अधिक टीमें हिस्सा लेंगी। वॉलीबाल उत्तर भारत का अत्यंत लोकप्रिय खेल है और इस प्रतियोगिता में कई ऐसे खिलाड़ी भी प्रतिभाग करेंगे, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। यह आयोजन क्षेत्र के खेल प्रेमियों के लिए एक विशेष आकर्षण होगा।

## पदोन्नति होने पर उपस्वास्थ्य केंद्र सिसोठ में सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

.उप स्वास्थ्य केंद्र सिसोठ में कार्यरत बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी मुकेश देवी के बहुउद्देशीय स्वास्थ्य सुपरवाइजर के पद पर पदोन्नति होने उपरांत एक भव्य विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सिसोठ के सरपंच विरेंद्र उर्फ विक्की ने की, जबकि संचालन समाजसेवी मुकेश चौहान ने किया। कार्यक्रम में मुख्याध्यापिका सुमित्रा देवी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राहुल चोपड़ा, स्वास्थ्यकर्मी बिजेंद्र सिंह, स्नेहलता तथा उप स्वास्थ्य केंद्र की सभी आशा वर्करों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।

वहीं, स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत स्टाफ सीएचओ डॉ. राहुल चोपड़ा, स्वास्थ्यकर्मी विजेंद्र सिंह, स्नेहलता एवं सभी आशा वर्करों ने भी माला पहनाकर व उपहार प्रदान कर उनका सम्मान किया। उनके साथ आए पति राजेंद्र सिंह को भी माला व गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। एसएमएस प्रधान सुमित्रा देवी, खजानी देवी, भरपाई, संतोष, राखी, कृष्णा मुकेश देवी को फूल माला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में सूरत सिंह, मा. नित्यानंद यादव, हरिराम चौहान, राजबीर फोरमैन, सुंदर मिस्त्री, सूबे सिंह ढाणी, सोमवीर पंच, सज्जन सिंह, अरविंद पंच, राजबीर, आशा वर्कर कृष्णा, संतोष, मोनू बाई, शर्मिला, संजू, अन्नू राव, ममता, सरोज, सावित्री हैल्पर, यशवंती आदि उपस्थित रहे।

## शौचालय हमारा भविष्य स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

ग्राम पंचायत खोड़ द्वारा हमारा शौचालय हमारा भविष्य स्वच्छता कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक शौचालयों का पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण किया गया। 19 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में शौचालयों की मरम्मत और पेंटिंग की गई।

गांव के मुख्य रास्तों की सफाई भी करवाई गई। सरपंच नुपुर ने बताया कि ग्राम पंचायत गांव की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दे रही है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 'हमारा शौचालय, हमारा भविष्य' अभियान 10 दिसंबर तक चलेगा। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय के नियमित उपयोग और रखरखाव को बढ़ावा देना है। अभियान के तहत गांवों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और सार्वजनिक व पारिवारिक शौचालयों की मरम्मत कर उन्हें सुंदर बनाया जा रहा है। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देना और खुले में शौच को समाप्त करना चाहती है। सरकार द्वारा शौचालय निर्माण हेतु 12,000 तक की आर्थिक सहायता भी प्रदान की जा रही है।




मंडी अटेली। खोड़ में बनाया गया सार्वजनिक शौचालय। फोटो : हरिभूमि

**PUBLIC NOTICE**

I, Shahil S/o Dharmveer R/o Village-Pawera, Tehsil-Nangal Choudhary Distt.Mahendergarh (Haryana) have changed my date of birth from 30-09-2007 to 16-07-2006

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 05.12.25 को प्रातः 11 बजे आम स्थान जोहड पर ग्राम पंचायत कमानिया के जोहड को मछली पालन हेतु 5 वर्षों के लिए पट्टे पर छोडा जावेगा। जिसके लिए निम्नलिखित शर्तें होगी।

1. यह कि सिक्योरिटी राशि 5000 रूपए होगी।
2 पट्टा 5 वर्षों के लिए छोडा जाएगा। अन्य शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी।

सरपंच,
ग्राम पंचायत कमानिया।

## पीजी कॉलेज में जिलास्तरीय विश्व एड्स दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय महाविद्यालय व राजकीय शिक्षण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार के दिशा-निर्देशों में शिक्षण महाविद्यालय के मल्टीपरपज हाल में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी एवं जिला कोर्डिनेटर प्रोफेसर डॉ. चंद्र मोहन ने बताया कि विश्व एड्स दिवस के अन्तर्गत जिले के सभी महाविद्यालयों के रेड रिबन क्लब व उनकी टीम ने जिला स्तरीय जागरूकता गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर एड्स जागरूकता रैली निकाली गई। जिसको जिला दुर्गा शक्ति पुलिस इंस्पेक्टर मीनाक्षी शर्मा व नागरिक अस्पताल से डिप्टी चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन कुमार यादव, डॉ सरजीत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




नारनौल। जागरूकता रैली को रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### जागरूकता शपथ दिलाई

कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षण महाविद्यालय की इंचार्ज कार्यक्रम सहसंयोजक डॉ. नीलम शर्मा ने किया। जिला एड्स जागरूकता कोऑर्डिनेटर डॉ. नवीन कुमार ने एड्स जागरूकता फ्लैश मॉब गतिविधियों को अंजाम दिया। इस अवसर पर सभी को एड्स जागरूकता शपथ दिलाई गई।

## संघ के हर घर संपर्क अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गृह संपर्क अभियान के तहत अटेली खंड के बाछौद मंडल के गांव सराय बहादुर नगर, सुरानी, भीलवाड़ा, कुंजपुरा, मिर्जापुर, बाछौद गांवों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर पत्रक वितरित किए। गत 30 नवम्बर से चल रहा यह अभियान 21 दिसंबर तक चलाया जाएगा। संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर मंडल में टोलियां बनाकर कार्यकर्ताओं ने संघ के पत्रक दिए। देश के लिए संघ जो अच्छे कार्य कर रहा है, उसके बारे में लोगो को बताया। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओबीसी मोर्चा पूर्व सरपंच प्रदीप सराय ने बताया कि यह अभियान देशभर में चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों के माध्यम से घरों तक पहुंचना और संघ के विचारों के साथ-साथ सामाजिक समरसता पर चर्चा करना है। इसका लक्ष्य समाज में एकता, सद्भाव और राष्ट्रप्रेम का संदेश फैलाना है।



मंडी अटेली। सराय में पत्रक वितरित करते हुए।

## सामाजिक कार्यों के लिए सिकंदर गहली सम्मानित

हरिभूमि न्यूज. नारनौल

जिला प्रशासन की ओर से आयोजित गीता जयंती समारोह के अवसर पर सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली माता सती वेलफेयर समिति के अध्यक्ष सिकंदर गहली को सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रशासन की ओर से नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी और सीटीएम डॉ. मंगल सेन के हाथों दिया गया। समारोह में उपस्थित अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं व आमजन ने उनके निरंतर सेवा कार्यों की सराहना की।

वक्ताओं ने कहा कि समिति अध्यक्ष सिकंदर गहली लंबे समय से समाजहित में विभिन्न गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में समिति की ओर से रक्तदान शिविर की पहल उस वक्त शुरू की गई थी, जब जिला महेंद्रगढ़ में लोग खून देने से कतराते थे। आज उनकी यह मुहिम रंग ला रही है। अब तक कैंप लगाकर सर्वाधिक रक्त की यूनिट देने का रिकॉर्ड भी इन्हीं के नाम है। उनकी यह मुहिम जहां युवाओं को जागरूक कर रही है। वहीं जरूरतमंद मरीजों को नया जीवनदान मिल रहा है। उनकी इस मुहिम के बाद अब अनेक सामाजिक संस्थाएं इस कार्य में जुटी हुई है। इन रक्तदान कैंपों में युवाओं की बड़ी भागीदारी रही और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता भी बढ़ी।

समारोह में वक्ताओं ने कहा कि सिकंदर गहली जैसे समाजसेवी वास्तविक प्रेरणा स्त्रोत हैं, जो बिना किसी निजी स्वार्थ के उनकी सेवा कर रहे है, जो अपनी आपबीती बयां भी नहीं कर सकते। इनमें चाहे गौवंशों के लिए सवामणी लगाना हो या फिर पर्यावरण मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए सैकड़ों पौधे लगाकर उन्हें पेड़ बनाना हो। इसके अलावा उनकी संस्था की ओर से किए जा रहे अन्य कल्याणकारी गतिविधियों की भी मंच से प्रशंसा की गई।

सम्मान प्राप्त करने के बाद सिकंदर गहली ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं बल्कि पूरी टीम और उन सभी लोगों का हैए जो समाज सेवा की भावना के साथ उनके साथ जुड़े हुए हैं। समारोह में नेहरू युवा केंद्र के जिला अधिकारी नित्यानंद यादव, भाजपा महिला जिला मोर्चा अध्यक्ष भारती सैनी, पूर्व खनन अधिकारी वासुदेव यादव, आईटीआई प्रिंसिपल विनोद खनगवाल, प्रो. ममता शर्मा, एपीआरओ धर्मेंद्र कादियान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक संगठन और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



नारनौल। गीता जयंती समारोह में सिकंदर गहली को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। यदुवंशी कॉलेज की छात्राओं को सम्मानित करते हुए।

## छात्राओं का वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

यदुवंशी डिग्री कॉलेज की तीन छात्राओं का अंतर विश्वविद्यालयीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। जिनमें वंशिका पुत्री कृष्ण कुमार, निशा यादव पुत्री सुरेन्द्र कुमार व महक पुत्री बाबूलाल शामिल है। इस उपलब्धि पर यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने बच्चों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ खेलों में भी भाग लेना चाहिए, ताकि बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास हो सके।

प्राचार्य बजरंग लाल ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है। इस मौके पर संस्था निदेशिका सुरेश यादव, डॉ. प्रदीप यादव, डॉ. सोनल यादव, कोच विजय सिंह यादव उपस्थित रहे।

**PUBLIC NOTICE**

I Jai Singh S/o Ram Dhan R/o Moh. Peeraga Narnaul Distt. Mahendergarh Haryana declare that my Father was owner of a Property which is situated in Mohalla Peeraga Narnaul. That my father was expired on 05.05.2010. That my father have following legal heirs 1. Basanti Wife 2. Amar Singh Son 3. Bimla Daughter 4. Jai Singh Son. That therefore you are requested to admit our legal heirs in Mutation (Revenue Record) in place of my father name as per Revenue Deptt. Rules.

## खबर संक्षेप



नारनौल। फूल मालाओं से स्वागत करते बार एसोसिएशन के वकील।

### सीताराम बोहरा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाने पर बांटे लड्डू

**नारनौल।** श्री चोरासिया समाज नारनौल के चुने गए वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीताराम बोहरा एडवोकेट का बार एसोसिएशन के साथी वकीलों ने उनका स्वागत व अभिनंदन करके फूल मालाएं पहनाकर लड्डू खिलाकर खुशियां जाहिर की। उन्होंने सीताराम बोहरा एडवोकेट को भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता बाबूलाल शर्मा एडवोकेट, सुरेंद्र सिंह ढिल्लो, दयानंद यादव एडवोकेट, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान महेंद्र यादव एडवोकेट, अनुप्रिया यादव एडवोकेट, रामनिवास शर्मा एडवोकेट, सुरेश शर्मा एडवोकेट, मुकेश रावल एडवोकेट, मोनू एडवोकेट, कामरेड महावीर सैनी एडवोकेट, बलवंत सैनी एडवोकेट, सुशील शर्मा एडवोकेट, गजानंद एडवोकेट, भास्कर सैनी एडवोकेट, प्रदीप शर्मा एडवोकेट, रामजीलाल एडवोकेट, नरेश यादव एडवोकेट, राजेश सैनी एडवोकेट एवं सुनील भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

### सागरपुर में भंडारा व खेलकूद स्पर्धाएं 13 को

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव सागरपुर में बाबा हरनाम गिरी का मेला एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं 13 दिसंबर को आयोजित की जा रही है। मेले में मुख्य अतिथि भिवानी–महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह एवं जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार रहेंगे। जानकारी देते हुए पंचायत समिति मेंबर प्रतिनिधि अनिल मेचु ने बताया कि 12 दिसंबर की रात्रि को बाबा का जागरण एवं अगले दिन 13 दिसंबर को भंडारा एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगे। खेलकूद प्रतियोगिताओं में नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम को 71 हजार रुपये एवं द्वितीय को 51 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। कबड्डी 50 किलोग्राम वजन में प्रथम को 11 हजार, द्वितीय विजेता टीम को 7100, तृतीय को 3100 रुपये, चौथे स्थान पर रहने वाली विजेता टीम को 2100 रुपये दिया जाएगा।

### चौकीदार के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

**नारनौल।** जिले के विभिन्न गांवों के 10 चौकीदार के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। संबधित गांवों के इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार संबंधित तहसील कार्यालय में चौकीदार के रिक्त पदों पर 30 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद आने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि अटेली तहसील के गांव कारिया, सुजापुर, गणियार, सलीमपुर, ताजपुर व अटाली गांव के चौकीदार के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसी प्रकार नारनौल तहसील के गांव भांखरी व चिंडालिया, महेंद्रगढ़ तहसील के गांव धौली झांखड़ी तथा नांगल चौधरी तहसील के गांव बखरीजा के चौकीदार के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

# श्मशान घाट के बेकार पड़े बांसों को बनाया पेड़-पौधों का सुरक्षा कवच

- शहर के मोहल्ला खड़खड़ी निवासी एवं फोकस आई के मालिक श्याम टुटेजा कर रहे पर्यावरण की देखभाल
- पशुओं खासकर गोवंश के पॉलीथीन खाने से रोकने के लिए भी कर रहे लोगों को जागरूक







नारनौल। स्वर्ग आश्रम में पेड़–पौधों की सुरक्षा में लगाए गए बांस तथा पशुओं के बचाव में तैयार किए गए जागरूकता संदेश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जब व्यक्ति के मरने पर श्मशान में उनका अंतिम संस्कार किया जाता है, तब शव की अंतिम क्रिया करने के लिए बांस का उपयोग किया जाता है। उपयोग करने के बाद इस बांस को किसी काम में नहीं लिया जाता तथा इसे वहीं श्मशान में ही डाल दिया जाता है और कुछ समय बाद यह बांस बेकार होकर खत्म हो जाता है, लेकिन श्मशान के बिना उपयोगी माने जाने वाले इसी बांस को मोहल्ला खड़खड़ी निवासी तथा फोकस आई केयर के मालिक श्याम टुटेजा ने इसी बांस को उपयोगी कर दिखाया है।

श्याम टुटेजा इन्हीं बांस को श्मशान में लगाए जाने वाले पेड़–पौधों की सुरक्षा में उपयोग करते हैं। तीन–चार बांस को मिलाकर पौधों के बड़ा होने में सहारा देने तथा पशुओं से उनकी सुरक्षा करने में इन बांसों का उपयोग लिया जा रहा है। उनके इस प्रयास से सैकड़ों पेड़ बचाए जा चुके हैं तथा जो भी उनको यह कार्य करते देखता है, उनकी प्रशंसा करते नहीं थकता। इस कार्य में श्याम टुटेजा अब अकेले नहीं रहे, बल्कि आसपास के युवा एवं अन्य लोग उन्हें यह कार्य करते देख, उनके पास आ जाते हैं तथा इस कार्य में उनका रूचि लेकर भरपूर सहयोग करते हैं। यही वजह है कि अब तक श्याम टुटेजा एवं उनके सहयोग सैकड़ों पौधे लगाकर न केवल उन्हें पेड़ों का आकार देने में लगे हैं, बल्कि अन्य पौधों की भी देखभाल करने में लगे हुए हैं। यह अभियान वह अपने पिता शारूराम टुटेजा की याद में निरंतर चला रहे हैं।

### श्याम टुटेजा छह सालों से कर रहे कार्य

नारनौल के नेताजी सुभाष स्टेडियम के पास एक उपचार गोशाला स्थित है, जिसके साथ ही बगल में शिव स्वर्ग आश्रम स्थित है। इस स्वर्ग आश्रम में लोग मुर्दों को जलाने यानि अंतिम संस्कार करने के लिए यहां लाते हैं। यहां काबिले गौर यह भी है कि जब भी नया मुर्दा यहां लाया जाता है, उसके साथ हर बार नए बांस की लकड़ी लाई जाती है, जिसे अंतिम संस्कार करने के बाद यूं ही वहीं फेंक दिया जाता है। उसी लकड़ी को श्याम टुटेजा पेड़ों का सहारा एवं कवच के रूप में काम ले रहे हैं। चार बांसों को इक्ट्ठा कर उसे पेड़–पौधों के चारों तरफ खड़ा कर दिया जाता है, जिससे पौधे के बढ़ने की स्थित में गिरने का खतरा भी नहीं रहता तथा पशु भी उसे नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। ऐसे में श्याम टुटेजा पर्यावरण प्रेमी के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। यह कार्य वह करीब छह सालों से कर रहे हैं। उन्होंने इस कार्य के जरिए वन विभाग एवं अन्य लोगों द्वारा लगाए गए पौधों को भी बचाने यानि संरक्षण करने में सफलता पाई है, जिससे अन्य लोग खासकर युवा प्रेरित हो रहे हैं।

### पॉलीथीन से बचाव भी उद्देश्य

श्याम टुटेजा, जो सुंदर प्रकृति एवं संगीत को मनुष्य के लिए चमत्कार मानते हैं, पॉलीथीन खाकर बीमार होने वाले पशुओं खासकर गोवंश को बचाने की भी मुहिम चला रहे हैं। पोस्टर लगाकर उन पर संदेश लिखते हैं, ताकि उन्हें देखकर व पढ़कर लोग इसके पशुओं के प्रति सचेत हों और जागरूकता से काम लेकर पॉलीथीन को उपयोग समझदारी से कर सकें।

पार्किंग नहीं होने के कारण शहरवासी परेशान शहर में लग जाता है जाम

# 30 वर्षों में एक भी पार्किंग का निर्माण नहीं करवा पाई पालिका

## आए दिन बाजार में चार हजार से अधिक वाहन सड़कों पर खड़े रहते हैं

- नपा के गठन के बाद अभी तक के कार्यालय में अनेक बार पार्किंग की योजनाएं बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नगर पालिका के गठन के बाद 30 वर्षों के बावजूद भी शहर में एक भी स्थान पर पार्किंग का निर्माण नहीं करवा पाई है। आए दिन बाजार में चार हजार से अधिक वाहन सड़कों पर खड़े रहते हैं, जिस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में स्थाई पार्किंग के अभाव में लोग भी मनमाने स्थानों पर वाहन पार्किंग करने को मजबूर है, जिससे शहर की सड़कें सिमटकर रह जाती हैं। नपा के गठन के बाद अभी तक के कार्यालय में अनेक बार पार्किंग की योजनाएं बनी, लेकिन एकबार भी धरातल नहीं उतरी।



### जल्द की जाएगी व्यवस्था

जल्द ही शहर में पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है, शॉपिंग कॉम्प्लैक्स के पास मल्टीलेवल पार्किंग बनाए जाने पर काम किया जा रहा है। लोगों को पार्किंग के अभाव में परेशान नहीं होना पड़गा। **-रमेश सैनी, नगर पालिका प्रधान, महेंद्रगढ़**

### पार्किंग बनने पर नपा आय का साधन बढ़ा सकती है

नगर पालिका पार्किंग स्थल बनाकर अपना आय का साधन बढ़ा सकती है। नगर में प्रतिदिन दो हजार दुपहिया वाहन और दो हजार के करीब चौपहिया वाहन पार्किंग के अभाव में इधर-उधर खड़े करते है। नपा दो या तीन पार्किंग स्थल बनाकर लाखों रुपये के टेंडर कर अपनी आय भी बढ़ा सकती है। इससे पालिका की न केवल आय बढ़ेगी बल्कि शहर में जाम और अतिक्रमण जैसी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी।

### लोगों को हो रही परेशानी

शहर के लोगों को कहना है कि शहर में पार्किंग का अभाव है। उपभोक्ता वाहनों का दुकानों के सामने खड़ा कर गायब हो जाते है और उसके बाद एक-दो घंटे बाद आते है। इससे दुकानदारी भी प्रभावित होती है और जाम भी लग जाता है। शहर में पार्किंग नहीं होने के कारण सब्जी मंडी रोड पर दुकानदार आपसी होड़ में दुकानों का सामने सामान लगा लेते है। उसके उपरांत वहां पर साधन भी खड़े हो जाते है। जिसके कारण वहां पर जाम लग जाता है। जिसके कारण लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए शहर में पार्किंग का होना बहुत जरूरी है। पार्किंग होगी तो लोग पार्किंग में ही अपने वाहन खड़े करेंगे। इससे दुकानदारों को भी परेशानी नहीं होगी और वाहन चालकों को भी। इसके साथ-साथ जाम की स्थिति भी नहीं बनेगी। उन्होंने नपा प्रशासन से मांग की है कि पार्किंग की व्यवस्था की जाए।



नारनौल। पार्षदों के साथ बैठक करते जिला परिषद के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार।

# सरकार का ग्रामीण विकास पर पूरा फोकस: डॉ. राकेश कुमार

- विकास कार्यों को लेकर जिला परिषद की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला परिषद के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने मंगलवार को जिला परिषद के मीटिंग हॉल में विकास कार्यों को लेकर जिला पार्षदों तथा ग्रामीण विकास से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक की। विकास कार्यों पर खर्च करने के लिए प्रशासनिक स्वीकृति का प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर डॉ राकेश ने कहा कि सरकार ग्रामीण विकास पर पूरा फोकस कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आवंटित धन का उपयोग समयबद्ध तरीके से और पूरी पारदर्शिता के साथ हो। ऐसे में जिस भी कार्य की स्वीकृति हाउस की ओर से दी जाए, उसे जल्द से जल्द शुरू कराया जाए, ताकि नागरिकों को उस सुविधा का लाभ मिले। प्रधान सहित कुल 16 जिला परिषद सदस्यों ने भाग लिया। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी एवं समस्त एडीओ तथा जेई पंचायती राज भी बैठक में शामिल थे। बैठक में पिछली बैठक की कार्रवाई की पुष्टि की गई। हाल ही में जिला परिषद बजट से प्राप्त बजट को विकास कार्यों पर खर्च करने बारे प्रशासनिक स्वीकृति का प्रस्ताव भी पारित किया गया। इसके अतिरिक्त पार्षदों द्वारा ब्रेकर, सतनाली रोड पर सूखे पेड़ों का हटवाना तथा पेड़ों की छंटाई आदि पर भी मंथन किया गया।

# भारतीय मजदूर संघ की बैठक सब डिवीजन बुचावास में आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ की बैठक सब-डिवीजन बुचावास के उपमंडल कार्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सब-डिवीजन प्रधान ओमवीर यादव ने की तथा मंच संचालन सचिव करण सिंह यादव द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष आशीष गोरा, अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ जिला सचिव कर्मवीर जाखड़, जिला सलाहकार चिंतामणि गुप्ता, यूनिट सचिव सरजीत खटाना, सतनाली प्रधान राजवीर शेखावत, सिहमा सब डिवीजन प्रधान देवेंद्र यादव तथा यूनिट सह सचिव अजीत यादव ने शिरकत की। सभी कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम उपमंडल अधिकारी अरुण कुमार तथा जिला पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर तथा फूल-माला पहनाकर सेवा सुरक्षा अधिनियम-2024 की लिस्ट जारी होने की खुशी प्रकट की और उनका सम्मान किया।



महेंद्रगढ़। बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### सुरक्षित रोजगार की सौगात पर बधाई दी

भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष आशीष गोरा एवं जिला सलाहकार चिंतामणि गुप्ता ने बताया कि अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा की कार्य समिति की बैठक ग्लोबल विकास स्कूल कैथल में संपन्न हुई, जिसमें फैसला लिया गया कि छह व सात दिसंबर को पांचवा प्रदेश अधिवेशन जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जाएगा जिसमें हरियाणा के 22 जिलों के जिला प्रतिनिधि शामिल होंगे। अंत में यूनिट सचिव सरजीत खटाना ने सभी को सुरक्षित रोजगार की सौगात पर बधाई दी और कहा कि प्रत्येक सब-डिवीजन स्तर पर संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में सभी कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में उपप्रधान गोपाल व सुदेश, सहसचिव मुकेश कुमार, संगठन कर्ता अशोक पूनिया, प्रेस सचिव नरेश कोका, पवन बचीनी, कोषाध्यक्ष अंकित, सह कोषाध्यक्ष बिरसिंह, सलाहकार बृजलाल, कार्यकारिणी सदस्य उपेंद्र, हिमांशु, उपप्रधान प्रवीण कुमार, प्रेम कुमार, एलडीसी नवीन, डॉ. राजकुमार, प्रदीप राणा, सुधीर, धर्मवीर खटाना, मुकेश, प्रदीप, नवीन मौजूद रहे।

# शहबाजपुर स्कूल में सफाई व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण, विद्यार्थियों की सुनीं समस्याएं

- विभागीय शिक्षण संस्थाओं में सभी मूलभूत सुविधाएं हैं उपलब्ध
- नियमित कक्षाएं अटैंड करके प्रदर्शन में निखार लाने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

शिक्षा विभाग के जिला परियोजना संयोजक विष्वेशवर कौशिक व एपीसी हरमिंद्र सिंह ने राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल शहबाजपुर का औचाक निरीक्षण किया। स्वच्छता का जायजा लेने के बाद उन्होंने विद्यार्थियों की समस्याएं सुनी तथा उन्हें सोशल मीडिया से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विभागीय शिक्षण संस्थाओं में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। जिनसे बच्चों को प्रतिभा निखारने में मदद मिलती है। इस दौरान प्राचार्य विकास जयदीप सिंह ने स्कूल की विभिन्न उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रत्येक गांव में प्राथमिक पाठशाला स्थापित करने के साथ निर्धारित दूरी पर सीनियर सेकेंडरी शिक्षण संस्थाएं खोली गई हैं। जिनमें योग्यतावान शिक्षक नियुक्त होने के साथ खेलकूद के संसाधन उपलब्ध हैं। शारीरिक शिक्षकों की मदद से विद्यार्थियों को खेल प्रतिभा निखारने में मदद मिलती है।



नांगल चौधरी। स्कूल की विभिन्न गतिविधियों पर शिक्षकों व प्राचार्य से विचार विमर्श करते अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### शौचालय व्यवस्था के साथ स्वच्छ पेयजल का प्रबंध किया

उन्होंने तर्क दिया कि स्वस्थ्य युवा ही एकाग्र होकर पढ़ाई करने में सक्षम होता है तथा राष्ट्र के विकास में भागीदार बन सकता है। स्कूलों में शौचालय व्यवस्था के साथ स्वच्छ पेयजल का प्रबंध किया गया है, लेकिन कई स्कूलों में स्वच्छता बदहाल होने की शिकायत मिल रही थी। इसलिए विभागीय स्तर पर स्कूलों का औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया है। शहबाजपुर स्कूल की सफाई व्यवस्था उत्तम होने के साथ ग्राउंड में मनमोहक हरियाली है। स्कूल की प्रत्येक कक्षा में डिजिटल बोर्ड तथा इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से पढ़ाई करने में मदद मिल रही है। उन्होंने युवाओं में मोबाइल इस्तेमाल के बढ़ रहे क्रेज पर चिंता जताई, कहा कि सोशल मीडिया के प्रभाव से भारतीय संस्कृति का पतन हो रहा है। बचाव के लिए खेलकूद व अन्य प्रतियोगिताओं में हिस्सेदारी लेना चाहिए। जिससे प्रदर्शन में निखार लाने की प्रेरणा मिलेगी और बुरी आदतों से दूर हो पाएंगे। जिला परियोजना अधिकारी ने बताया कि स्कूल का अनुशासन और सफाई व्यवस्था उच्च स्तरीय है तथा परीक्षा परिणाम भी उत्साह वर्धक रहा है।

**जागरूकता** शराब पीकर व तेज गति से वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

डूंक एंड ड्राइव, लेन ड्राइविंग रॉन्ग साइड ड्राइविंग ओवरस्पीड ड्राइविंग के 887 चालान काटे

# नवंबर माह में यातायात पुलिस ने काटे 3004 वाहनों के चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पुलिस ने यातायात नियमों की पालना कराने के लिए अभियान चलाया। जिसके तहत नवंबर महीने में कुल 3004 वाहनों के चालान काटे गए। बता दें कि पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार पुलिस ने नवम्बर माह में ड्रंक एंड ड्राइव, लेन ड्राइविंग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, ओवरस्पीड ड्राइविंग के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया। जिसका मुख्य लक्ष्य सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करना और नशे में या तेज गति से गाड़ी चलाने वालों पर लगाम कसना था। इस अभियान के तहत नवम्बर में ड्रंक एंड ड्राइव, लेन ड्राइविंग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, ओवरस्पीड ड्राइविंग के 887 वाहन चालकों के चालान किए गए। इसके अलावा 2117 वाहनों के चालान अन्य यातायात नियमों की उल्लंघना पर काटे गए। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने बैठक के दौरान सभी थाना प्रबंधकों व यातायात पुलिस को सख्त निर्देश दिए थे कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों, तेज गति में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस अभियान के दौरान पुलिस ने जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर नाकेबंदी की और वाहनों की जांच की। इस सघन जांच में ड्रंक एंड ड्राइव, ओवरस्पीड, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, लेन ड्राइविंग के 887 वाहन चालकों के चालान काटे गए। उन्होंने कहा कि शराब पीकर गाड़ी चलाना, तेज गति में गाड़ी चलाना, रॉन्ग साइड में गाड़ी चलाना, सड़क दुर्घटनाओं के बड़े कारण हैं। पुलिस का उद्देश्य सड़कों पर कानून व्यवस्था बनाए रखना और सड़क हादसों को कम करके आम जनता की जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस की सख्ती जारी रहेगी।





नारनौल। गाड़ी से ब्लैक फिल्म हटाती ट्रैफिक पुलिस। फोटो: हरिभूमि

### वाहन चालकों को किया जागरूक

जिला ट्रैफिक पुलिस ने अभियान के दौरान वाहन चालकों को विभिन्न प्रकार के ट्रैफिक संकेत चिह्न, नियम उल्लंघन के दुष्परिणाम, सीट बेल्ट व हेलमेट के उपयोग का महत्व बताया, साथ ही ओवरस्पीडिंग, नशे में ड्राइविंग व मोबाइल उपयोग के खतरे सहित कई महत्वपूर्ण विषयों को सरल भाषा के माध्यम से युवाओं, वाहन चालकों को जागरूक किया।

# गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने की अधिकारी के साथ बैठक

- लंबित पड़ी 12 सूत्रीय समस्याओं के बारे में चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के प्रधान कपिल यादव की अध्यक्षता में ब्रांच पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर) के शिष्ट मंडल की बैठक कार्यकारी अभियंता ब्रांच पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर) के साथ हुई। बैठक में जिला कमेटी से ब्रांच प्रधान कौशल यादव, कैशियर नरेंद्र कुमार व ब्रांच कमेटी से प्रधान कपिल यादव, सचिव अनिल शर्मा, कैशियर विकास कुमार व सहसचिव आकाश मौजूद रहे। बैठक में कर्मचारियों की लंबित पड़ी 12 सूत्रीय समस्याओं के बारे में चर्चा हुई। कार्यकारी अभियंता ने समस्याओं का जल्द ही निवारण करने का आश्वासन दिया और कुछ समस्याओं का तो उसी समय ही निपटारा कर दिया गया। प्रधान ने बताया कि एचकेआरएन कर्मचारियों को वर्दी भत्ता देने, जिन कर्मचारियों के मेडिकल बिल पास नहीं हुए हैं, वह दिलाने तथा कर्मचारियों की बची हुई एलटीसी देने की मांग की गई। इसी प्रकार जिन कर्मचारियों का इंक्रीमेंट नहीं लगा है, वह लगाने पर भी चर्चा हुई, जिसे स्वीकार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि अधिकारी ने कर्मचारी हित की इन मांगों को लागू करने का आश्वासन दिया है।



नारनौल। अधिकारी के साथ मीटिंग करते यूनियन के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि